**CODE : 35T ADHI**

# 2025

# ADVANCE HINDI

**Full Marks : 100**

**Pass Marks : 30**

**Time : Three hours**

***The figures in the margin indicate full marks for the questions.***

*Q. No.* ***1*** *carries* ***1*** *mark each* ........................ 1 × 12 = 12

*Q. No.* ***2*** *carries* ***2*** *marks each*

............................................................* 2 × 6 = 12

............................................................* 2 × 4 = 8

............................................................* 2 × 2 = 4

*Q. No.* ***3*** *carries* ***4*** *marks each*

............................................................* 4 × 2 = 8

............................................................* 4 × 2 = 8

............................................................* 4 × 3 = 12

............................................................* 4 × 3 = 12

*Q. No.* ***4*** *carries* ***6*** *marks each* ........................ 6 × 4 = 24

Total = 100

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×12=12

(क) 'भारत महिमा' कविता के कवि कौन हैं?

(ख) "जिसने इस मधुशाला में"—यहाँ कवि का आशय क्या है?

(ग) 'विप्लव गायन' का अर्थ क्या है?

(घ) गाँधारी ने किसको अभिशाप दिया था?

(ङ) 'मानव शांति' कविता में उल्लेखित 'धर्मराज' कौन हैं?

(च) हर्षवर्द्धन कौन था?

(छ) "हूणों की रणनीति दस्युनीति थी, हम उतने बर्बर नहीं हो सकते थे।"—प्रस्तुत कथन किसका है?

(ज) 'रानी लक्ष्मीबाई' उपन्यास की उपन्यासकार कौन हैं?

(झ) दामोदर राव कौन था?

(ञ) "नेता को नेता नहीं ढूँढ़ना पड़ता है?"—प्रस्तुत कथन किसका है?

(ट) अनुप्रास अलंकार शब्दालंकार है या अर्थालंकार?

(ठ) छंद किसे कहते हैं?

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

**खण्ड—क**

*(किन्हीं छः प्रश्नों के उत्तर दीजिए)* 2×6=12

(क) "है सबको अधिकार मृत्ति का पोषक-रस पीने का"—आशय स्पष्ट कीजिए।

(ख) "निछावर कर दें हम सर्वस्व"—प्रस्तुत पंक्ति के द्वारा कवि क्या कहना चाहता है?

(ग) "मेरी सांधों से निर्मित उन अधरों का प्याला हो।"—प्रस्तुत पंक्ति के द्वारा कवयित्री क्या कहना चाहती है?

(घ) 'जिसने दुःख पाला हो' कविता का मूल भाव क्या है?

(ङ) "रुद्ध गीत की क्रुद्ध तान निकली है मेरे अन्तर तर से!"—का भाव स्पष्ट कीजिए।

(च) 'विप्लव गायन' कविता से आपको क्या संदेश मिलता है?

(छ) अश्वत्थामा को किसने और क्यों अभिशाप दिया था?

(ज) "पर मारे जाओगे पशुओं की तरह।"—संदर्भ स्पष्ट कीजिए।

(झ) रामधारी सिंह 'दिनकर' की कविताओं की *किन्हीं दो* विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

## खण्ड—ख

*(किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए)* 2×4=8

(क) "प्रकृति को हमारा विभाजन स्वीकार नहीं है।"—उक्त कथन किसने किसको कहा था?

(ख) "सर्प को दूध पिलाना उसके विष का उपचार नहीं है।"—भाव स्पष्ट कीजिए।

(ग) कंकु कौन थी?

(घ) "हृदय दान की नहीं, छीन लेने की वस्तु है।"—संदर्भ स्पष्ट कीजिए।

(ङ) भास्कर वर्मण ने विवाह के बारे में क्या प्रतिज्ञा की थी।

(च) "प्रगल्भ युवक! जानता है, किससे बात कर रहा है?"—किसने किसको कहा था?

## खण्ड—ग

*(किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए)* 2×2=4

(क) रानी लक्ष्मीबाई के माता-पिता का नाम क्या था?

(ख) 'रानी लक्ष्मीबाई' उपन्यास के आधार पर अंग्रेजों की *किन्हीं दो* शोषण-नीतियों को रेखांकित कीजिए।

(ग) "वो मुर्दों को जान बख़्शता रहेगा"—ऐसा गुल मुहम्मद ने क्यों कहा?

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

## खण्ड—क

*(किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए)* 4×2=8

(क) भारत ने विश्व के कल्याण के लिए दुनिया को क्या-क्या उपहार दिए हैं? 'भारत महिमा' कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(ख) 'गाँधारी का अभिशाप' कविता के आधार पर गाँधारी की चारित्रिक विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

(ग) ''जब तक मनुज-मनुज का यह,
सुख-भाग नहीं सम होगा,
शमित न होगा कोलाहल,
संघर्ष नहीं कम होगा।''
—भाव स्पष्ट कीजिए।

## खण्ड—ख

*(किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए)* 4×2=8

(क) राज्यश्री के चरित्र की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

(ख) 'भास्कर वर्मण' नाटक के आधार पर कुमार भास्कर वर्मण और हर्षवर्धन की मित्रता पर संक्षेप में प्रकाश डालिए।

(ग) ''भास्कर धनुष का छूटा तीर है-जो लक्ष्य तक पहुँचकर ही रुकता है।''—आशय स्पष्ट कीजिए।

## खण्ड—ग

*(किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए)* 4×3=12

(क) रानी लक्ष्मीबाई की मृत्यु किन परिस्थितियों में हुई थी? 'रानी लक्ष्मीबाई' उपन्यास के आधार पर प्रकाश डालिए।

(ख) 'नारी शक्ति के महत्व की प्रतिष्ठा करना रानी लक्ष्मीबाई उपन्यास का उद्देश्य है।'—प्रस्तुत कथन की पुष्टि कीजिए।

(ग) रानी लक्ष्मीबाई के बचपन में घटित घटनाओं पर प्रकाश डालिए।

(घ) राजा गंगाधर राव ने किसे गोद दिया था? उस गोद को कंपनी-सरकार ने किन नियमों के तहत अस्वीकार कर दिया?

## खण्ड–घ

*(किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए)* 4×3=12

(क) स्थायी भाव क्या है? नामोल्लेख कीजिए।

(ख) यमक और उपमा अलंकार का सोदाहरण परिचय दीजिए।

(ग) दोहा और छप्पय छंद का परिचय दीजिए।

(घ) निम्नलिखित में से *किन्हीं* दो रसों का सोदाहरण परिचय दीजिए :

शृंगार; शांत; हास्य

4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 6×4=24

(क) 'भारत महिमा' कविता का सारांश अपने शब्दों में लिखिए।

***अथवा***

'जिसने दुख पाला हो' कविता का भावार्थ लिखिए।

(ख) 'रानी लक्ष्मीबाई' उपन्यास में किन-किन समस्याओं को उठाया गया है? स्पष्ट कीजिए।

***अथवा***

'रानी लक्ष्मीबाई' उपन्यास के आधार पर गंगाधर राव की चारित्रिक विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए।

(ग) 'रानी लक्ष्मीबाई' उपन्यास में लेखक ने तत्कालीन राजनैतिक स्थिति का वास्तविक चित्र प्रस्तुत करने का प्रयत्न किया है। लेखक अपने उद्देश्य में कहाँ तक सफल रहा है?

*अथवा*

कथावस्तु के आधार पर 'रानी लक्ष्मीबाई' उपन्यास की समीक्षा कीजिए।

(घ) 'भास्कर वर्मण' नाटक के आधार पर भास्कर वर्मण की चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

*अथवा*

राष्ट्रीय एकता के परिप्रेक्ष्य में 'भास्कर वर्मण' नाटक की समीक्षा कीजिए।

———×———